सेंट एंड्रयूज़ स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

९वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपड़गंज,दिल्ली – ११००९२

सत्र: २०२६-२०२७

कक्षा:- तीन **विषय:- हिंदी व्याकरण** **पाठ :- क्रिया**

परिभाषा - जिन शब्दों से किसी काम का करना या होना प्रकट होता है, वह क्रिया कहलाते हैं ।

जैसे :- खाना ,सोना, पढ़ना ,दौड़ना, झूलना, देखना, बोलना ,तैरना आदि ।

उदाहरण:-

1)पक्षी उड़ रहे हैं ।

2)सीता गाना गा रही है ।

3)राम पत्र लिख रहा है ।

4)माली फूल चुन रहा है ।

5)घोड़ा दौड़ रहा है ।

अभ्यास 1

निम्नलिखित वाक्यों में क्रिया शब्दों को रेखांकित कीजिए।

1) रोहन पतंग उड़ा रहा है।
2) राधा झूला झूल रही है।
3) मोहन अध्यापिका को कविता सुना रहा है ।
4) दादी माँ चाय पी रही है।
5) कार्तिक विद्यालय जा रहा है
6) नेहा बगीचे में टहल रही है ।
7) माँ खाना बना रही है ।
8) रोहन पत्र लिख रहा है।

अभ्यास 2

प्र०2 उचित क्रिया शब्दों से रिक्त स्थान भरें ।

1) रमन टी.वी. _____ रहा है ।

2) दादा जी फल _____ रहे हैं ।

3) राधा पत्र _____ रही है ।

4) दर्ज़ी कपड़े _____ रहा है।

5) पेड़ से पत्ते _____ रहे हैं ।

6) अध्यापिका कक्षा में _____रही है।

7) माँ सब्ज़ी _____ रही है ।

8) कार्तिक धूमने _____रहा है ।